कार्यालय प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेलः– principal.npgcsr@gmail.com

क्रमांकः /3541/2026 रायपुर, दिनांक 09/05/2026

//Special ATKT परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी सूचना//
(बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर Pilot)

महाविद्यालय मे सत्र 2022–23 एवं 2023–24 मे **बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर (Pilot)** मे प्रवेशित छात्र/छात्राएँ जिनका कि **(1 Main + 2 ATKT)** का अवसर समाप्त हो गया है तथा जो **नंवबर–दिसंबर 2025 की सेमेस्टर परीक्षा** मे किसी विषय मे अनुत्तीर्ण है। ऐसे छात्र/छात्राओ की **Special ATKT** परीक्षा **माह जून–2026** मे आयोजित की जाएगी।

उक्त **Special ATKT** परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

A- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–

कं.	विवरण	निर्धारित तिथि
1	निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क)	दिनांक 13.05.2026 से 17.05.2026 तक
2	निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ	दिनांक 18.05.2026 से 19.05.2026 तक

टीपः–निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

B- शुल्क का विवरण–

परीक्षा का नाम	परीक्षा शुल्क	ऑनलाईन प्रकिया एवं अग्रेषण शुल्क
बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर (Pilot) Special ATKT	रू. 700/– प्रति प्रश्न पत्र अधिकतम रू. 1350/–	रू. 50/–

C- आवेदन पत्र जमा करने का समय एवं स्थान–

समय–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

स्थान– महाविद्यालय के **छात्र शाखा** के काउन्टर मे।

D- परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देशः–

1. **Special ATKT परीक्षा–2026** हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gnscr.ac.in के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट www.gnscr.ac.in मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राएँ परीक्षा अनुक्रमांक या पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. परीक्षार्थी ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात् हार्डकापी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे एवं दूसरी प्रति महाविद्यालय में जमा करेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।
6. छात्र अपना नाम, माता व पिता का नाम आदि, बारहवीं के अकंसूची से मिलान करके ही लिखें।

7. छात्र–छात्राऍं **सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–दिसंबर 2025** के परीक्षा परिणाम की अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा फार्म के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

8. पूर्व के सेमेस्टर परीक्षा मे **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे उन्हे आगामी एटीकेटी परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।

9. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक ॲकसूचियों/प्रमाणपत्रों की जानकारी दी है वह सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय दी गई जानकारी भरे है, वह सही है, जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह परीक्षार्थियों की स्वयं की जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।

10. **Special ATKT** के परीक्षार्थी महाविद्यालय के वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करके महाविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार **Special ATKT** परीक्षा में शामिल होंगे।

टीपः—1. छात्र/छात्राऍं सैद्धांतिक प्रश्न पत्र मे अनुत्तीर्ण/एटीकेटी प्राप्त होने पर केवल **सैद्धांतिक परीक्षा के सेमेस्टर अंत परीक्षा** के **Special ATKT** परीक्षा मे सम्मिलित हो सकेंगें।

2. छात्र/छात्राऍं प्रायोगिक प्रश्न पत्र मे अनुत्तीर्ण/एटीकेटी प्राप्त होने पर केवल **प्रायोगिक परीक्षा के सेमेस्टर अंत परीक्षा** के **Special ATKT** परीक्षा मे सम्मिलित हो सकेंगें।

3. आंतरिक मूल्यांकन के अंक अग्रणीत (Carry Forward) होंगें।

4. यदि परीक्षार्थी को **Special ATKT** परीक्षा की पात्रता नही है और वह किसी प्रकार से फार्म ऑनलाइन से भर दिया हो तो उसका आवेदन पत्र निरस्त हो जाएगा तथा उसकी जमा की गई फीस वापस नही होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः—

1. समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2. लेखा शाखा/छात्र शाखा, शास. नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
3. श्री टिकेन्द्र कुमार साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
4. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)